आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 06.12.2025 समय : 02.10PM

भारत-रूस व्यापार मंच

भारत और रूस ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को सौ अरब डॉलर तक बढ़ाने का संकल्प लिया है। नई दिल्ली में कल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भारत-रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच हुई चर्चा और दोनों पक्षों की मजबूत क्षमता यह संकेत देती है कि द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य, निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापार के लिए सरल और विश्वसनीय तंत्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू हो गई है। श्री मोदी ने बताया कि शिखर सम्मेलन में भारत और रूस ने दोनों देशों के नागरिकों के लिए पर्यटक वीज़ा पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिससे दोनों देशों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार तथा व्यवसाय के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण, ऑटोमोटिव कलपुर्जे और वायरलेस मोबिलिटी तकनीक में साझेदारी कर सकते हैं।

होमगार्ड दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल स्थित होमगाड्र्स परेड ग्राउंड में आयोजित होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में सहभागिता कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अधिकारियों एवं जवानों को सम्मानित किया तथा प्रदेश में नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने में होमगार्ड संगठन की भूमिका की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत प्रदेश सरकार ने 5,000 से अधिक होमगार्ड जवानों की भर्ती का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री अदम्य साहस पुरस्कार देने, होमगार्ड में कॉल ऑफ सिस्टम समाप्त करने और होमगार्ड जवानों के लिए स्थायी आवास देने समेत अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उधर सतना में होमगार्ड का स्थापना दिवस गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह उपस्थित रहे।

एसआईआर

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य उत्साह के साथ चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। देवास से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में अब तक 99.69 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खातेगांव में शत प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। आकाशवाणी से बात करते हुए देवास के उप जिला निर्वाचन अधिकारी शोभाराम सोलंकी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

रेलवे

हवाई सेवाओं के रद्द होने के कारण यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने पहल करते हुए कई गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। इनमें कल चलने वाली दुर्गापुरा (जयपुर)- बान्द्रा टर्मिनस - दुर्गापुरा (जयपुर) स्पेशल, हिसार-खडकी- हिसार स्पेशल एवं दिल्ली सराय -साबरमती- दिल्ली सराय आरक्षित स्पेशल रेलसेवा शामिल है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार यह रेलसेवा मार्ग में वनस्थली निवाई, सवाई माधोपुर, कोटा,रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा,रतलाम, वडोदरा, भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड, वापी, पालघ एवं बोरीवली स्टेशनो पर ठहराव करेगी।

महापरिनिर्वाण दिवस

आज राष्ट्र भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव आम्बेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब के अद्वितीय योगदान को बताने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि संविधान, लोकतंत्र और विकास के संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए जो प्रयास किए, वे सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

संक्षिप्त समाचार

1-'नो पॉलिथीन-नो-सिंगल यूज़ प्लास्टिक' अभियान के तहत आगरमालवा नगर पालिका परिषद द्वारा कल शहर में 'पॉलिथीन दानव' और 'टेडी बियर' जैसे प्रतीकों के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में स्वच्छता का संदेश दिया गया।

2- शिवपुरी के कोलारस में अतिक्रमण निरोधी मुहिम के तहत वन विभाग ने करीब ढाई सौ बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

3- बुरहानपुर कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में कल राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।